**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। लोकसभा में भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चर्चा में भाग लेते हुए पिछले दस वर्षों में लोगों के कल्याण और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल की सराहना की। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद की कार्यवाही कुछ नियमों और परंपराओं के आधार पर चलती है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद ही कोई चर्चा होनी चाहिए। उधर, राज्यसभा में चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र अहंकार से नहीं चलता है।

****************

तीन नये आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज से झारखंड समेत पूरे देश में लागू हो गये हैं। सरकार ने इस बारे में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं और वे नये कानूनों को लागू करने से संबंधित प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता सृजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। श्री शाह ने नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे।

****************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने पुनः परीक्षा के बाद आज एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों के संशोधित परिणाम घोषित कर दिए। नए नतीजों के बाद एनटीए ने सभी परीक्षार्थियों के रैंक भी संशोधित किए हैं। एनटीए ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि सभी परीक्षार्थियों के संशोधित स्कोर कार्ड उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसमें कहा गया है कि पात्र एक हजार पांच सौ तिरसठ परीक्षार्थियों में से आठ सौ तेरह परीक्षार्थियों ने दोबारा परीक्षा दी। परीक्षार्थी exams.nta.ac.in/NEET पर लॉगइन कर संशोधित स्कोर कार्ड देख सकते हैं।

****************

वस्तु एवं सेवा कर, जीएसटी के आज 7 वर्ष पूरे हो गए। जीएसटी व्यवस्था ने राज्य और केंद्रीय करों की जटिलताओं को कम किया है। इससे राजस्व में बढ़ोतरी हुई है और ग्राहकों को भी फायदा हुआ है।

****************

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 30 रुपये की कटौती की है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बदलाव आज से लागू हो गये हैं।

****************

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से पन्द्रह किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार द्वारा बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नारकोटिक्स के तहत यह कार्रवाई की है।

****************

खूंटी जिले में आम बागवानी से स्थानीय किसान बेहतर आमदनी कर रहे हैं।

श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग के निर्देश पर जिला नियोजन कार्यालय के सहयोग से आगामी उन्नीस जुलाई को चतरा के टंडवा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में नियोजन अधिनियम दो हजार इक्कीस का अनुपालन किया जाएगा।

<u>****************</u>

राज्य के पूर्वी हिस्सों और आस पास के क्षेत्रों में चक्रवातीय प्रवाह शिफ्ट कर गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि आज और कल राज्य के उत्तर पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

*******समाप्त********